भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4868
सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वेदगिरि लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर का विकास

†4868. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में वेदगिरि लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर को चिन्हित किया है;

(ख) उक्त मंदिर के विकास से संबंधित प्रस्तावित कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक स्वीकृत, आवंटित, जारी और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त मंदिर में सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं और इसे पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): धार्मिक पर्यटन सहित पर्यटक गंतव्यों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) नामक अपनी योजना के तहत आन्ध्र प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह प्रक्रिया राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है एवं निर्धारित शर्तों के अनुपालन एवं निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए “वेदगिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर, नेल्लोर जिला” परियोजना को चिह्नित किया है और उक्त परियोजना को अभी मंजूरी नहीं दी गई है। तथापि, प्रशाद योजना के तहत आन्ध्र प्रदेश राज्य में चार परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी द्वारा वेदगिरि लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर के विकास के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †4868 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

आन्ध्र प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**जारी राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)**
1.	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	27.77	27.77	27.77
2.	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08	43.08	43.08
3.	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	54.04	27.37	27.37
4.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास	25.33	6.74	0.00

*****